## एक नजर

### हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**बीसलपुर :** तीन दिन पहले सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान बरेली में मौत हो गई। शिवाजी नगर कॉलोनी के ठेकेदार भोलानाथ ने बताया उनका 24 वर्षीय बेटा बंटी गंगवार 28 अप्रैल की रात बाइक से शाहजहांपुर से वापस बीसलपुर आ रहा था। चीनी मिल के नजदीक किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। हालत नाजुक देख परिवार वाले उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई।

### विद्यालय में तोड़फोड़ और हमला करने की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जगतपुर रामनगर के गिरेंद्र कुमार ने बताया वह गांव में स्कूल चलाते हैं। स्कूल परिसर में उनका आवास है। इसी गांव के रामकृष्ण के बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं। काफी समय से स्कूल की फीस जमा न करने पर शुक्रवार को जब उन्होंने फीस के लिए कहा तो वह लड़ने पर आमादा हो गए। इतना ही नहीं रात नौ बजे जब वह कमरे में बैठे थे तब गांव का धर्मेंद्र शर्मा और उनका पुत्र रूचिन अपने करीब बीस साथियों के साथ स्कूल में घुस आया और तोड़फोड़ करना शुरू कर दी। इंस्पेक्टर उमेश सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### गाली देने का विरोध करने पर लाठी डंडों से पीटा

**बरखेड़ा।** बरेली जिले के नवाबगंज तहसील के गांव चिनुआ के धर्मपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 29 अप्रैल को दोपहर करीब दो बजे बरखेड़ा के गांव अरसियाबोझ में मोतीराम के यहां दावत में शामिल होने आया था। वहां पर गांव का छत्रपाल बेवजह गाली देना लगा। विरोध करने पर उसने लाठी डंडे से पीटना शुरु कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि घायल की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### दो किशोरियों को अगवा करने के मामले में रिपोर्ट

**बीसलपुर :** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि 24 अप्रैल की दोपहर दो बजे उनकी 16 वर्षीय बेटी को गांव का रहने वाला रोहित बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया। जब उसने आरोपी के घर पर शिकायत की तो परिवार वाले लड़ने पर आमाद हो गए। इसके अलावा दूसरे गांव के निवासी ग्रामीण ने आरोप लगाया कि उनके गांव का यशपाल अपने साथी मोहित, पंकज और रामविलास की मदद से उनकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर सुरागरसी शुरु कर दी है।

---

पर्यटन विभाग की ओर से 40 लाख रुपये का मिला था बजट, चार महीने पहले किस्त के रुप में मिले थे 12 लाख रुपये

# फिर टला गौहनिया तालाब के सौंदर्यीकरण का काम, पालिका ने बजट लौटाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



टनकपुर हाईवे पर स्थित गौहनिया तालाब ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गौहनिया तालाब को नैनी झील बनाने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से दिया गया 49 लाख का बजट नाकाफी साबित हो रहा है। नगर पालिका को सौंदर्यीकरण के लिए दिए गए पहली किस्त की रुप में 12 लाख रुपये से नगरपालिका के अनुसार उसकी साफ सफाई कराना भी संभव नहीं है।

इसलिए नगर पालिका चेयरमैन की ओर से इस प्रस्ताव को निरस्त करते हुए बजट वापस कर दिया गया है। साथ ही अब पुनः तालाब का सौंदर्यीकरण और निर्माण करने के लिए करीब तीन करोड़ की डीपीआर बनाई जा रही है। ताकि सुसज्जित ढंग से तालाब का सौंदर्यीकरण कराकर शहरवासियों के लिए भेंट किया जा सके। अब अफसर दोबारा से एस्टीमेट बनाने में जुटे हुए हैं। शहर के ड्रमंड कॉलेज के सामने टनकपुर व माधोटांडा मार्ग के किनारे स्थित गौहनिया पर एक विशाल तालाब बना हुआ है। जिसमें प्राकृतिक जल स्त्रोत के चलते हमेशा पानी भरा रहता है। मगर तालाब के आसपास हो रहे अतिक्रमण की वजह से उसका स्वरूप काफी बिगड़ गया, इसके बाद अधिकारियों ने तालाब के सौंदर्यीकरण की योजना पर काम शुरू किया। करीब चार साल से सौंदर्यीकरण की योजना बन रही थी। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। वजह यह थी कि शासन ने बजट पर सहमति नहीं दी थी। वर्ष 2023 में सौंदर्यीकरण के काम ने फिर जोर पकड़ा। तो दोबारा से एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया था। इस पर पर्यटन विभाग की ओर से निरीक्षण करने के बाद 49.50 लाख का बजट स्वीकृति किया गया था। मंजूरी मिलने के बाद चार माह पहले पहली किस्त के रुप में 12 लाख रुपये भेज भी दिए गए थे। जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया कराई गई थी। मगर टेंडर होने के बाद भी काम शुरू नहीं हो सका। नगरपालिका का मानना है कि इतने कम बजट में कोई भी फर्म काम करने के लिए तैयार नहीं है। पहली किस्त के 12 लाख रुपये भेज गए थे। मगर इससे तालाब की सफाई करना भी मुश्किल होगा। इसलिए पहली किस्त को वापस लौटते हुए पूरे बजट को अस्वीकृति करते हुए रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दी गई है। अब दोबारा से निरीक्षण कराकर डीपीआर तैयार कराया जाएगा।

#### यह होंगे काम

- हाईमास्ट लाइटें
- बेंच की व्यवस्था
- वोटिंग ट्रेंड स्टाफ के साथ
- पाथवे
- चारों ओर ग्रिल की सुविधा

- **पुन: एस्टीमेट कराया जा रहा तैयार, तीन करोड़ का बनेगा अब डीपीआर**

"गौहनिया तालाब के सौदर्यीकरण के लिए टूरिज्म विभाग की ओर से 49 .50 लाख का बजट आवंटित किया था। जिसकी पहली किस्त के 12 लाख रुपये पालिका को मिले थे। मगर इतने काम बजट में काम पूरा करना संभव नहीं है। इसलिए बजट को वापस कर दिया गया है। अब दोबारा से डीपीआर तैयार कराकर शासन को भेजा जाएगा। ताकि सुसज्जित ढंग से विकास किया जा सके। **-डॉ . आस्था अग्रवाल**, चेयरमैन, पालिका अध्यक्ष नगर पालिका

#### तीन करोड़ का बनेगा डीपीआर

टूरिज्म विभाग की ओर से स्वीकृति हुए 49 .50 लाख के बजट को अस्वीकृति करते हुए नगर पालिका ने वापस लौटा दिया है। इसके बाद अब दोबारा से डीपीआर तैयार कराया जा रहा है। गौहनिया तालाब में निजी गाटा भी है। इससे 1 .538 हेक्टेयर में सरकारी तालाब है। उसमें पानी भरा है। मुख्य साइड पर काम किया जाएगा। तालाब के चारों ओर घूमने के लिए पक्का रास्ता बनाया जाएगा। तालाब के चारों ओर पाथवे बनाकर लाइट लगाने के साथ उस पर रंगीन लाइटें लगाई जाएंगी। साथ ही बैठने के लिए बेंच आदि भी बनेंगी। इसके अलावा तालाब में वोटिंग की सुविधा भी की जाएगी। जिसमें करीब तीन करोड़ का डीपीआर तैयार कराया जा रहा है। जिससे बनाकर शासन को भेजा जाएगा। तब जाकर गौहनिया तालाब का पूर्ण रुप से सौंदर्यीकरण संभव हो सकेगा।

---

# कार्यवाहक मुख्य सचिव ने खमीर फैक्ट्री का किया निरीक्षण, मैंगो डेयरी के उत्पादों की परखी गुणवत्ता

अमरिया क्षेत्र के गांव भरापचपेड़ा में लंदन की एबी मौरी कंपनी 250 एकड़ भूमि पर करा रही फैक्ट्री का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



निर्माणाधीन खमीर फैक्ट्री के लेआउट का अवलोकन करते औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ● अमृत विचार



टांडा बिजैसी स्थित मैंगो डेयरी का निरीक्षण करते औद्योगिक विकास आयुक्त।

**अमृत विचार:** यूपी के कार्यवाहक मुख्य सचिव और औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को अमरिया तहसील क्षेत्र के गांव भरापचपेड़ा में निर्माणाधीन खमीर फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस फैक्ट्री की स्थापना लंदन की एबी मौरी कंपनी कर रही है। उन्होंने फैक्ट्री परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यवाहक मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह और एसपी अविनाश पांडेय के साथ फैक्ट्री का निरीक्षण करने के दौरान मैप लेआउट के माध्यम से कराए जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली। इस दौरान यूपीसीडा के अधिकारियों ने बताया कि भरापचपेड़ा में 1200 एकड़ भूमि अधिग्रहत की गई हैं।

यहां 951 एकड़ भूमि को विकसित करते हुए उद्योग के लिए भूखंड उपलब्ध कराया जाएगा। इसी भूमि में से ढाई सौ एकड़ भूमि वर्ष 2021 में ऐबी मौरी कंपनी को उपलब्ध कराई गई थी। खमीर प्लांट के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। चाहरदीवारी समेत कई काम पूरे हो चुके हैं। यहां उद्यमियों की सुविधा के लिए एक ही स्थान पर पक्की सड़क, फायर स्टेशन, पुलिस प्रशासनिक भवन, इंट्री गेट के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यवाही मुख्य सचिव ने फैक्ट्री में तैयार उत्पाद दूध, दही, घी आदि के मूल्य की जानकारी करने के साथ गुणवत्ता को भी परखा। मझोला चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार दिलीप कुमार, नायब तहसीलदार अभिनव सिंह चौहान, यूपीसीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी चर्चित गौड़, प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी, उपमहाप्रबंधक कपिल सिद्धवानी, उपायुक्त उद्योग आत्मदेव शर्मा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

#### एबी मौरी जनपद में डेढ़ हजार करोड़ का करेगी निवेश

भरा पचपेड़ा स्थित खमीर फैक्ट्री वर्ष 2025 से उत्पादन शुरू कर देगी। कंपनी के प्रतिनिधि के मुताबिक इस फैक्ट्री के निर्माण पर लगभग डेढ़ हजार करोड़ की लागत आने का अनुमान है। फैक्ट्री लगने से क्षेत्र के करीब पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। यूपीसीडा के अधिकारियों ने बताया कि ऐबी मौरी लंदन की कंपनी है। कंपनी की ओर से बनवाई जा रही इस फैक्ट्री में तैयार खमीर का उत्पादन का देश के अलावा विदेश में निर्यात किया जाएगा। यूपीसीडा की ओर से औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए 300 करोड़ की निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

#### दूध, दही और घी के दाम पूछे

कार्यवाहक मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने फैक्ट्री का निरीक्षण करने बाद टांडा विजैसी स्थित मैंगो डेयरी का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने दूध, दही एवं घी के मूल्य की जानकारी ली। साथ ही वहां मौजूद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखी। उपयुक्त उद्योग आत्मदेव शर्मा ने बताया औद्योगिक हब में अभी काफी काम होने शेष हैं। विद्युत उपकेंद्र, फायर स्टेशन, सड़क सहित अन्य कार्यों को होना है। यूपीसीडा के रीजनल मैनेजर ने एक साल में काम पूरा कराने की बात कही है।

#### एसडीएम ने किया बाढ़ से बचाव कार्यों का निरीक्षण



बाढ़ कार्यों का जायजा लेते एसडीएम पूरनपुर ।

**पूरनपुर :** तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के पास शारदा नदी में बाढ़ बचाव कार्य चल रहे हैं। बाढ़ खंड लगभग साढ़े नौ करोड़ की लागत से इस कार्य को संपन्न कराया जाए। कई अटकलें लगने के बाद जिओ बैग लगाने का काम अब तेजी के साथ किया जा रहा है। मंगलवार को उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला ने नदी के किनारे पहुंचकर जिओ बैग लगाने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने काम में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इसके अलावा गुणवत्तापूर्ण मानकों के अनुसार कार्य करने को कहा। एसडीएम ने कहा बरसात से पहले निर्धारित समय तक कार्य पूरा हो जाना चाहिए। जिससे कि बाढ़ की स्थिति में ग्रामीणों को परेशानी न हो।

---

# स्कूलों के निरीक्षण में खामियां देख बीएसए ने लगाई फटकार

संवाददाता,पीलीभीत।

- **कंपोजिट स्कूल बिथरा में भेजी धनराशि खर्च नहीं करने पर खंड शिक्षा अधिकारी से मांगा जवाब**

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मरौरी ब्लॉक के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया तो बदहाल व्यवस्थाओं की पोल खोल गई। निरीक्षण के दौरान कंपोजिट स्कूल बिथरा में भेजी गई धनराशि खर्च नहीं करने का पता चलने उन्होंने नाराजगी व्यक्त कर फटकार लगाई। वहीं एक स्कूल में एमडीएम (मिड डे मील) नहीं बना था।

इसको लेकर बीईओ को स्कूलों में जाकर सुधार कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा छिटपुट खामियां मिलने पर हिदायत दी कि अगर अगली बार निरीक्षण में खामियां मिली तो संबंधित पर कार्रवाई तय है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को उन्होंने प्राथमिक स्कूल सैदपुर, रामनगर, कंपोजिट बिथरा, कालिया एवं सैजना वनकटी का औचक निरीक्षण किया। फुलहर में प्रधानाध्यापक विनोद कुमार गंगवार नहीं मिले। पूछने पर पता चला कि वह चुनाव को लेकर ट्रेनिंग पर गए थे। विद्यालय में मिड डे मील भी नहीं बनाया गया था। टीएलएम फोटो फ्रेम नहीं था। कंपोजिट स्कूल बिथरा में छात्रों की उपस्थिति कम मिली। वहीं, जानकारी के दौरान पता चला कि भेजी गई स्पोर्ट्स ग्रांट, फोटो फ्रेम की ग्रांट, माता उन्मुखीकरण का पैसा, लर्निंग कॉर्नर का पैसा खर्च नहीं किया गया था।

अध्यापकों की ओर से उपस्थिति बढ़ाने के भी कोई प्रयास नहीं किए गए थे। इसके साथ ही किसी भी कक्षा में अध्यापक शिक्षण कार्य करते हुए नहीं पाए गए। इस पर बीईओ और शिक्षकों को छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ अन्य सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### भूसे के ढेर में लगी आग, दो लाख का नुकसान

अमरिया : थाना क्षेत्र के गांव रसूला फरदिया निवासी मोहम्मद फुरकान ने बताया कि गेहूं की कटाई करने के बाद उसे बना भूसा खेत में पड़ा हुआ था। उनके भूसे अलावा रियाज अहमद, मोहम्मद रिजवान का भी भूसा पड़ा हुआ था। मंगलवार को अचानक कहीं से आई चिंगारी भूसे में जा गिरी। जिससे भूसे आग पकड़ ली। आग लपटे देखकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने मामले की सूचना खेतस्वामी को दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग को बुझाया। जिसमें 71 ट्रॉली भूसा जलकर राख हो गया। जिसकी कीमत दो लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

---

# व्यापारियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

संवाददाता, पीलीभीत



नेहरू पार्क में पौधरोपित करने पहुंचे व्यापारी और स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के रेलवे स्टेशन चौराहा पर स्थित नेहरू पार्क पालिका की अनदेखी के चलते बदहाल है। जिसको अब सुसज्जित करने के लिए स्थानीय लोगों के साथ व्यापारी वर्ग आगे आया है।

मंगलवार को व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने पार्क में पहुंचकर साफ सफाई कराने के साथ ही वहां टूटी पड़ी पानी की टंकी और टूटे गेट को ठीक कराकर उसे पुन:: लगवाया ताकि जानवर आदि न घुस सके। तो वहीं हरियाली को बढ़ावा देने के लिए सभी गड्ढे खोदकर वहां पौधारोपण भी किया ताकि पार्क हरियाली से हरा भरा बना रहे। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि पार्क में आए दिन असामाजिक तत्व आकर शराब व धूम्रपान करते है। शराब के नशे में शौच कर जाते थे और और मना करने पर गाली गलौज पर उतारु हो जाते हैं। पार्क में में गंदगी का अंबार लगा रहता था लेकिन इसकी व्यवस्था सुधारने के लिए न तो सभासद और नगरपालिका के अफसर ध्यान देते हैं। शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती है। इसलिए इस पार्क को सुसज्जित बनाने का जिम्मा लोगों ने स्वंय उठा है। इस कार्य में तुलाराम मौर्या, कन्हैया कुमार, मुजाफर, जीवनलाल मोर्या, सूरज, घनश्याम, मुकेश, प्रवीण मोहन, अग्रवाल, पवित्र अग्रवाल, सुरेश राठौर, रजत राठौर, अजय, संजीव, इकरार, रमन, अशोक, संतोष, देशराज, विष्णु, लाला राम, दीपू, राहुल, दिनेश, ज्ञानेंद्र समेत कई व्यापारियों का सहयोग रहा।

# छात्रवृत्ति में जितिन ने जिले में 15 वीं रैंक हासिल की



जितिन कुमार।

**बिलसंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 में उच्च प्राथमिक विद्यालय मरौरी खास के छात्र जितिन कुमार ने जनपद में 15 वीं रैंक प्राप्त की है।

यह परीक्षा नवंबर में जिला मुख्यालय पर संपन्न हुई थी जिसमें आठवीं के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। थाना क्षेत्र के गांव मलिकापुर निवासी सत्यवीर के पुत्र जितिन कुमार ने 180 में से 115 अंक प्राप्त किए हैं। जिले में 15वीं रैंक प्राप्त होने की इस उपलब्धि पर जहां पूरा विद्यालय गौरवान्वित है। वहीं, छात्र के अभिभावक ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश कुशवाहा, शिक्षक महेश कुमार राठौर और निगत बनो के उचित निर्देशन और मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक महेश कुमार राठौर बधाई के पात्र हैं, जिनके मार्ग दर्शन में छात्र जितिन कुमार ने यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। उधर, प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश कुशवाहा ने बताया जितिन ने इस वर्ष आठवीं की परीक्षा पास की है।

# अनुपस्थित कर्मियों का कटेगा वेतन

संवाददाता, पूरनपुर



सीएचसी में बैठक के दौरान समीक्षा करते सीएमओ डॉ . आलोक कुमार ।

**अमृत विचार:** नगर में चल रहे स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करने मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक शर्मा पूरनपुर सीएचसी पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की।

इस दौरान आभा आईडी, दस्तक अभियान और टीकाकरण की स्थिति जानी। परिणाम बेहतर नहीं मिलने पर सीएमओ ने सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की आभा आईडी बनाई जाएगी। आशाएं घर-घर जाकर मलेरिया और डेंगू के बारे में बताएं। इसके साथ ही सभी को हीट वेव के बारे में भी सचेत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने समीक्षा बैठक में नहीं पहुंचने वाली को एएनएम, सीएचओ और संगिनी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक के कार्यालय में सभी डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक करने के दौरान कहा कि अस्पताल पहुंचने वाले बुखार और बदन दर्द के मरीजों की डेंगू और मलेरिया की हर हाल में जांच कराएं। इसमें कितरी तरह की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर समय रहते मरीजों का उपचार किया जा सके। संस्थागत प्रसव भी बढ़ाने को कहा। इस दौरान अधीक्षक डा. अनिकेत गंगवार, डा. रेहान, डा. प्रियंका, फार्मासिस्ट जितेंद्र कुमार, अजय शुक्ला, संजीव नायर आशीष यादव आदि मौजूद रहे।

---

बदहाल व्यवस्था

बीसलपुर के गांव कासिमपुर में बने इस पार्क का उद्घाटन करने के बाद जिम्मेदारों ने किया किनारा

# लाखों रुपये फूंके ... अब हर्बल पार्क नहीं कूड़ाघर कहिए

संवाददाता बीसलपुर

**अमृत विचार :** औषधीय पौधों की उपलब्धता कराने को ब्लाक परिसर में विकसित हर्बल पार्क बदहाली के आंसू बहा रहा है। लाखों रुपये से तैयार इस पार्क में औषधि वाले पौधे होने चाहिए लेकिन जगह-जगह कूड़े का ढेर जमा है। इस पार्क को कूड़ाघर बना दिया है। यहां झाड़ियां उग आई हैं। पानी नहीं मिलने से पौधे सूख चुके हैं। बदहाली देख लोगों में खासा नाराजगी है। उनका कहना है कि हर्बल पार्क अब कूडा घर बन चुका है।

कुछ साल पहले मनरेगा और ग्राम निधि से ग्राम पंचायत कासिमपुर में लाखों रुपये खर्च कर तैयार हर्बल पार्क में तुलसी, आंवला, एलोवेरा सहित कई औषधियों के पौध लगाए गए थे। पार्क को पूरी तरह से सजाया गया था। यहां बैठने और घूमने की व्यवस्था की गठ थी तो वहीं पौधों को पानी देने के लिए पार्क में टंकी लगाई गई थी।

मगर उद्घाटन के कुछ समय बदल अफसर पार्क की देखभाल कराना भूल गए। आज बदहाली का आलम यह है कि हर्बल पार्क में जहां तहां घास जमी हुई है। बड़ी-बड़ी झाडिय़ा है। साथ ही पेड़ पौधे सूख चुके हैं। पार्क की देखभाल के लिए जो कर्मचारी नियुक्त किया था। वह भी नहीं दिखता। पार्क में किसी तरह की मरम्मत का कोई काम नहीं हो रहा। पार्क में लगाए हर्बल कीमती पौधे सूखने के साथ ही यहां बड़ी-बड़ी झाड़ियां देख महसूस होता है कि यह हर्बल पार्क नहीं कूड़ा घर है।

#### फिर बजट लगेगा ठिकाने

हर्बल गार्डन विकसित करने के लिए मनरेगा और ग्राम निधि से लाखों रुपये खर्च किए गए थे। अब खंड विकास अधिकारी शिरीष वर्मा कहना है कि गार्डन की सफाई कराकर पुन : उसमें पौधे लगाकर सौंदर्यकरण कराया जाएगा। यानी एक बार फिर तय है गार्डन के सौंदर्यीकरण पर फिर से बजट ठिकाने लगाया जाएगा। कहा जा रहा है कि अगर देखरेख ठीक तरीके से होती रहती तो आज यह गार्डन बदहाली का शिकार नहीं होता।




ब्लॉक परिसर में बदहाली के आंसू बहा रहा हर्बल पार्क। ● अमृत विचार

### मकान में चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

**जहानाबाद।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन साउथ निवासी विजय जायसवाल ने जहानाबाद पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा गया कि इसी थाना क्षेत्र के ग्राम जतीपुर में स्थित मकान में 15 अप्रैल को दोपहर डेढ़ बजे चोरी हो गई थी। उस समय चौकीदार खाना खाने के लिए गया था। इसके बाद 26 अप्रैल की रात में फिर से उसी मकान में चोरी हो गई। चोरी की घटना सीसी कैमरे में भी कैद हुई है। चोरों ने मकान में रखी सोलर बैटरी,सीसी कैमरा,मशीन आदि सामान चोरी किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एसडीएम साठा धान के उत्पादन पर लगाएं रोक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जिलाधिकारी ने प्रतिबंध के बावजूद धान की बुवाई होने पर सभी एसडीएम को दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** जिले में प्रतिबंध के बावजूद साठा धान का उत्पादन बड़े पैमाने पर हो रहा है। डीएम ने सभी एसडीएम को प्रचार प्रसार कर किसानों से साठा धान न लगाने के प्रति जागरुक करने के निर्देश दिए।

जनपद में हर साल की तरह इस बार भी बड़े पैमाने पर साठा धान की रोपाई की गई है। जबकि वर्ष 2019 और 2020 में जनपद में साठा धान के उत्पादन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जा चुका है। जिले में प्रतिबंध के बावजूद साठा धान के उत्पादन होने की जानकारी पर प्रशासन सतर्क हुआ है। बताते हैं कि साठा धान लगाने से गोमती नदी में जल प्रभाव भी प्रभावित हो रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम संजय कुमार सिंह ने साठा धान के उत्पादन की रोकथाम को सभी एसडीएम को दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने पूर्व के आदेश के क्रम में साठा धान न लगाने के लिए किसानें के मध्य व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी एसडीएम को संबंधित क्षेत्रों में भ्रमण कर लेखपालों के माध्यम से किसानों को ग्रीष्मकालीन साठा धान न लगाने के प्रति जागरुक करने के निर्देश दिए हैं।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## एक नजर

### महिला के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला ।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने 27 अप्रैल को घर में अकेले सो रही थी। रात में गांव का देवऋषि अचानक उसके घर में घुस आया। आरोपी जबरन उसे उठाकर खेत पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला के मुताबिक आरोपी ने दुष्कर्म करने के बाद जान से मारने की धमकी और भाग गया। एसओ रुपा विष्ट ने बताया कि तहरीर के आधार पर महिला का मेडिकल परीक्षण करने के बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### बाइक से गिरी महिला की उपचार के दौरान मौत

**गजरौला।** गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मूढ़ा सेमनगर उर्फ पंडरी निवासी सूरजपाल ने बताया कि सोमवार को वह पत्नी रेखा देवी के साथ बरखेड़ा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। बरखेड़ा से कुछ दूर पहुंचे ही थे कि बाइक की चेन में रेखा की साड़ी फंस गई। इससे वह सड़क पर गिर गई। आनन-फानन में वह परिजनों की मदद से घायल अवस्था में पत्नी को पीलीभीत के एक अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख बरेली ले जाने की सलाह दी। इस दौरान बरेली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मंगलवार सुबह रेखा ने दम तोड़ दिया।

### रैली निकाल शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**घुंघचिहाई।** सर्व शिक्षा अभियान व संचारी रोग नियंत्रण के तहत कस्बे के नारायणपुर के प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों ने ग्रामीणों को विभिन्न गलियों में पहुंच कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया। अभिभावकों को बताया कि शिक्षा का महत्व कितना महत्वपूर्ण है। स्कूल चलो अभियान के नई रोशनी लाएंगे, जीवन का अधिकार है, शिक्षा सच्ची आदि स्लोगन से जागरूक किया। इस दौरान स्कूल के अध्यापक सत्य नारायण यादव, प्रमोद कुमार सहित स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

### स्मैक के साथ दंपति समेत चार लोग गिरफ्तार

**अमरिया।** थानाध्यक्ष अमरिया ब्रजवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने एक सूचना के आधार पर मोहन स्वरूप उर्फ डाक्टर पुत्र स्वर्गीय केवलराम, उसकी पत्नी राधा, पुत्रियां हिमांशी और शिवानी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 202 ग्राम अवैध स्मैक और तमंचा, कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया है।

---

सरकारी सुविधा का लाभ तो दूर श्रम विभाग में पंजीकरण तक नहीं, ठेली और ई रिक्शा ने छीना श्रमिक का रोजगार

# चालीस साल से बद्दी के सहारे बोझ ढो रहे बुजुर्ग जमील खान

**श्रमिक दिवस पर विशेष**

अनुज सिंह

**पूरनपुर, अमृत विचार:** आज के जमाने में भी बुजुर्ग मजदूर जमील खान चार दशक से अपनी पीठ पर समान ढोते हैं। रोज सुबह घर से बद्दी लेकर निकलने वाले जमील खान दिन भर सिर के सहारे पीठ पर सामान रखकर दुकानों पर पहुंचते हैं।

दशकों पुराने इस काम से ही उनकी गुजर बसर हो रही है। अभी तक उन्हें किसी सरकारी सुविधा का लाभ नहीं दिया गया। कोशिश के बावजूद श्रम विभाग में उनका पंजीकरण भी नहीं हो सका। उम्र के लगभग सात दशक गुजार चुके जमील खान के लिए रोज श्रमिक दिवस होता है। एक मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाताहै। इस दिन कुछ सरकारी कार्यालयों में कथित मजदूरों को माला पहनाकर अफसर मजदूर दिवस मनाने की औपचारिकताएं पूरी कर देंगे, लेकिन हकीकत में जो मजदूर है उन्हें मजदूर दिवस कब मनाया जाता है, इसकी जानकारी तक नहीं है। उनको सम्मानित करना तो दूर खैर-खबर लेने वाला तक उनकी दहलीजों तक नहीं पहुंचता। इन्हीं में से एक हैं, पूरनपुर के मोहल्ला इंदिरा नगर लाइनपार के रहने वाले हैं जमील खान।



टनकपुर हाईवे पर स्थित गौहनिया तालाब

इनकी जिंदगी मजदूरी करते हुए बीत गई, लेकिन आज तक इन्हें सरकारी कागजों में मजदूर होने का हक तक नही मिल पाया। जमील खान के पिता नन्हें खान पीलीभीत के मोहल्ला पकड़िया के रहने वाले थे। आपातकाल के समय नन्हें खान पूरनपुर में आकर बस गए थे।

घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर उस समय मजदूरी ही एकमात्र सहारा थी। जमील खान ने पिता के साथ जीवन यापन के लिए मजदूरी शुरू कर दी। लगभग 30 साल की उम्र में उन्होंने फ्लोर मिल में मजदूरी की, लेकिन वहां मिलने वाली मजदूरी से उनकी गुजर नहीं हो सकी। लंबे चौड़े कद काठी के जमील खान ने अपने शरीर की ताकत का उपयोग करना शुरू कर दिया। वह अपने सिर पर बद्दी डालकर पीठ पर भारी भरकम सामान ढोने लगे। दशकों पहले सामान लाने ले जाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। मजदूरों के सहारे ही सामान एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जाता था। जमील खान अन्य मजदूरों से अधिक सामान ढोते थे। वह अपने सिर पर फटे पुराने कपड़ों की बनी हुई बद्दी सिर में फंसा कर भारी भरकम सामान अपनी पीठ पर लादकर एक दुकान से दूसरे दुकान पर पहुंचाने लगे।

**जूता चप्पल कर दुकानें बनी मजदूरी का सहारा**

जमील खान चालीस साल से पीठ पर सामान ढोने का काम कर रहे हैं। वह थोक विक्रेताओं के यहां से जूते चप्पल, क्राकरी, परचून आदि का सामान बद्दी के सहारे पीठ पर लटका कर पैदल ही दुकानों तक पहुंचाते हैं। हालांकि अब उनकी उम्र लगभग 68 साल की है। वह अब अपनी पीठ पर मात्र 50 किलो का वजन ही उठा पाते हैं। यह दीगर बात है कि आजकल सामान ढोने के ठेली, रिक्शा, थ्री व्हीलर आदि कई साधन हैं, लेकिन जमील खान आज भी पीठ पर सामान लादकर दुकानों पर पहुंचाते हैं। हालांकि उनको अब पहले जितना काम नहीं मिलता। लेकिन सुबह होते ही वह काम ढूंढने के लिए बद्दी लेकर घर से निकल जाते हैं और शाम को मजदूरी का रुपया लेकर घर वापस लौटते हैं। जिससे उनके घर का खर्च चलता है।

**सरकारी योजना से मोहताज, पेंशन तक नहीं**

जमील खान ने बताया कि एक बार का सामान पहुंचाने में उन्हें 20 से 30 रुपए मिल जाते हैं। कहा कि अभी तक उन्हें कोई भी सरकारी लाभ नहीं मिला है। वह अपने नवासे के साथ श्रम विभाग कार्यालय में गए, लेकिन वहां उनका पंजीकरण तक नहीं हो सका। जमील खान ने वृद्धावस्था की पेंशन पाने के लिए भी आवेदन किया, लेकिन पेंशन का लाभ आज तक नहीं मिला। पूरे कस्बे में जमील खान ही एक ऐसे मजदूर हैं, जो आज भी बद्दी के सहारे सामान ढोने का काम करते हैं।

## शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म

**जहानाबाद, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के असलम से पांच वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब उसने शादी के लिए कहा तो इंकार करने लगा। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली।

जिसको वायरल करने की आरोपी ने धमकी दी। जब उसके भाई और मां ने आरोपी के परिजनों से बातचीत की तो आरोपी के परिजनों ने दहेज में नगदी और बाइक की मांग की। उसने असमर्थता जताई तो आरोपियों ने शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सलमा, शमसेर, तमसीलन, गुलफ्सा, साबिस्ता, परवेज, रिजवान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश शुक्ला ने बताया कि मुकदमे की विवेचना की जा रही है।

# हाईवे जाम करने पर 19 लोगों पर केस

### ग्रामीण पर तेंदुआ के हमला करने से आक्रोशित लोगों ने बरेली-टनकपुर हाईवे किया था जाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएफओ की सख्ती पर वायरल वीडियो के आधार पर जेल चौकी प्रभारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** दो दिन पहले ग्रामीण पर तेंदुआ के हमले से आक्रोशित ग्रामीणों ने टनकपुर हाईवे पर जाम लगा दिया था। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों को समझाकर किसी तरह बमुश्किल जाम खुलवाया था। अब इस मामले में पुलिस ने जाम लगाने वालों पर शिकंजा कसते हुए चार नामजद समेत 19 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस जाम लगाने वालों की तलाश करने में जुटी है। घटना रविवार सुबह शहर से सटे पुरानी पीलीभीत गांव की है। गांव का रामऔतार (40) सुबह करीब आठ बजे घर से शौच के लिए निकला था। घर से करीब 20 मीटर दूर पेड़ी गन्ने के खेत में वह पहुंचा ही था कि उनके अनुसार एक तेंदुआ ने उन पर हमला कर दिया। तेंदुआ के चंगुल में फंसे रामऔतार ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। तेंदुआ के हमले की जानकारी पर गांव में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना वन महकमे के साथ-साथ पुलिस को दी गई।

इस बीच आक्रोशित ग्रामीणों ने टनकपुर हाईवे पर पहुंचकर जाम लगा दिया था। जिस वजह से काफी देर यातायात प्रभावित हुआ। सदर कोतवाली क्षेत्र की जेल चौकी प्रभारी सुभाष चंद्र यादव की ओर से जाम लगाकर यातायात बाधित करने के आरोप में केस दर्ज कराया गया है। कहा जा रहा है कि वायरल वीडियो के आधार पर हुई शिनाख्त के बाद पुलिस ने गांव के जागन लाल पुत्र जयंती प्रसाद, अजय कुमार राठौर पुत्र जागन लाल, सुखबीर यादव पुत्र नरेश यादव, पूरनलाल पुत्र कल्लू राम समेत 15 अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 188, 341,332, सहित आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 धारा 7 सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। चौकी प्रभारी ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो यह लोग सड़क पर घायल व्यक्ति रामऔतार को बीचो-बीच लेटा रखा था। ग्रामीणों के हाईवे पर जाम लगने से आने जाने वाले वाहनों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था जाम में एंबुलेंस आदि वाहन होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही थी। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है मामले की विवेचना की जा रही है।

**सूचना देने पर भी नहीं पहुंची थी वन विभाग की टीम**

इस मामले में ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने पर वन विभाग के अधिकारियों पर भी आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो जब ग्रामीणों ने टनकपुर हाईवे पर जाम लगाया था उस वक्त वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई, उसके बाद भी कोई मौके पर नहीं पहुंचा। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता गया और जाम लगाकर प्रदर्शन करने लगे। उनके मुताबिक घटनाक्रम की सूचना देने के बाद भी गंभीरता नहीं दिखाने वाले जिम्मेदारों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

## किशोरी का कार से अपहरण करने के मामले में रिपोर्ट

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा गांव के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अप्रैल की रात आठ बजे वह गुरुद्वारे में मौजूद थे। उनकी 11 वर्षीय नाबालिग बेटी गुरुद्वारे के बाहर खेल रही थी। तभी अचानक गांव का सुमित, हरिओम एक अज्ञात व्यक्ति के साथ कार से आया और बेटी को बहला फुसलाकर अपनी कार से ले गया। बेटी को लापता देख उसकी तलाश की तो गांव के कुछ लोगों ने घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने आरोपी के घर जाकर मामले की शिकायत की तो परिजनों ने उन्हें धमकाना शुरु कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# गैंगस्टर एक्ट में दो आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

पीलीभीत। विधि संवाददाता

- विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने पारित किया आदेश
- दोनों आरोपी 4 अप्रैल 2024 से कारागार में है निरूद्ध

**अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दी। राज्य सरकार की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी अमित कुमार शुक्ल ने की।

दोनों आरोपी चार अप्रैल से कारागार में निरूद्ध हैं। अभियोजन के अनुसार प्रभारी निरीक्षक थाना घुंघचाई अपनी टीम के साथ शांति व्यवस्था में लगे थे। तभी पता लगा कि सितार अहमद, एजाज, पुनीत पांडेय, अरशद उर्फ भूरा ने एक संगठित गैंग बना रखा है, सितार अहमद इसका गैंग लीडर है। यह लोग अपने आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए संगठित होकर गैंग के रूप में चोरी कर अवैध रूप से धनोपार्जन करते हैं और जनता को क्षति पहुंचाने जैसे अपराध कारित करते हैं। यह सभी अभ्यस्त अपराधी हैं। इन लोगों का जनता में भय और आतंक व्याप्त है। जनता का कोई भी व्यक्ति इन लोगों के विरुद्ध गवाही देने से डरता है। इन लोगों का जनहित एवं सामाजिक हित में स्वतंत्र रहना उचित नहीं है। आरोपियों द्वारा न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए जमानत की याचना की गई। राज्य सरकार की ओर से जमानत का विरोध किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट श्वेता दीक्षित ने दोनों आरोपियों एजाज और अरशद उर्फ भूरा की जमानत अर्जी आधार पर्याप्त न होने के कारण खारिज कर दी।

# शादी में फायरिंग करने का आरोपी पुलिस ने दबोचा



शादी में तमंचे से फायर करते हुए वीडियो वायरल का फुटेज ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** शादी समारोह में तमंचे से फायर करने वाले आरोपी को पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर दस दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास फायर करने वाला तमंचा भी बरामद किया है। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद उसका चालान कर उसे कोर्ट में पेश किया। बता दें कि थाना क्षेत्र करेली के गांव बिलासपुर में एक ग्रामीण की बेटी की 20 अप्रैल को बरात आई थी, जिसमें एक बराती ने तमंचे से फायर कर दिया। बरात के दौरान हुए तमंचे से फायरिंग की कुछ लोगों द्वारा वीडियो बना ली गई। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर फायर करने वाले आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष जगदीप सिंह मलिक ने बताया कि फायरिंग करने वाले आरोपी का नाम रामचंद्र पुत्र ज्ञान सागर निवासी टंडवा थाना भुता का रहने वाला है। सिर्फ शौक में उसने तमंचे से फायर किया था।

## हादसे रोकने को जीआरपी ने चलाया जागरूकता अभियान

**पूरनपुर अमृत विचार:** हादसों की रोकथाम के लिए मंगलवार को रेलवे पुलिस ने अभियान चलाकर पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर लोगों को जागरूक किया। जीआरपी इंस्पेक्टर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि रेल लाइन को पार करने के लिए फुट ओवरब्रिज का प्रयोग करें।

आबादी वाले क्षेत्र में भी लोगों को रेल पटरी के किनारे नहीं जाने और बैठने की हिदायत दी गई। इस दौरान लगभग एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया जो रेल पटरी पर बैठे हुए थे। इससे खलबली मच गई। हालांकि हिरासत में लिए गए लोगों को कुछ देर बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है। अभियान के दौरान लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके बाद पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला की मौत, दहेज हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी का मामला, आठ साल पहले हुई थी शादी

**अमृत विचार :** विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका का शव संदिग्ध परिस्थितियों में साड़ी से बने फंदे से कमरे में लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम गुर्ज गौटिया निवासी हरप्रसाद ने बताया कि उन्होंने अपनी 25 वर्षीय पुत्री विमला देवी का विवाह आठ वर्ष पूर्व थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम बिचपुरी गौटिया निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र गोविंद राम के साथ हुआ था। मायके वालों ने शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। मगर दहेज ने नाखुश ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। सोमवार सुबह विवाहिता का शव कमरे में साड़ी से संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला। मृतका के परिजनों को सूचना मिली कि विमला देवी की मौत हो गई।



पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के परिजन ● अमृत विचार

आनन फानन में विवाहिता के परिजन उसकी ससुराल पहुंचे तो वह मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी हत्या कर दी। इधर, मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता हरप्रसाद ने उसके पति, ससुर, सास, देवर, समेत चार के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक थाना न्यूरिया प्रदीप कुमार बिश्नोई का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल तहरीर परिवार की ओर से दी गई है।

## कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी और मारपीट का केस दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार:।** जहानाबाद के गांव गोंछ के अमानत हुसैन ने बताया कि हिंद ब्रिक फील्ड में वह 12 प्रतिशत की हैसियत से पार्टनर था। शेष हिस्से में क्षेत्र के ही गांव खमरिया पुल का सद्दाम हुसैन व गांव शाही का फैजल खान हिस्सेदार थे। भट्टा लगाते समय उसने 12 लाख रुपये लगाए थे। भट्टे में लाभ की राशि में करीब साढ़े चार लाख रुपये उसके हिस्से में आए। इसके बाद पार्टनरों की नियत में खोट आ गई। उसके पार्टनरों ने उसकी मूल राशि 12 लाख, लाभ की राशि 4.50 लाख कुल 16.50 लाख रुपये देने के लिए टाल मटोल करने लगे। इसके बाद युवक ने उक्त लोगों को लीगल नोटिस भी भेजा। तब से उक्त लोग उससे रंजिश मानने लगे। 24 अप्रैल को शाम चार बजे उसकी दुकान में घुस कर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# परियोजना अर्थशास्त्री समेत तीन कर्मी सेवानिवृत्त





सेवानिवृत्त कर्मियों का फूल-माला पहनाकर विदाई देते साथी कर्मचारी ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गोमती सभागार में हुए विदाई समारोह में डीआरडीए से परियोजना अर्थशास्त्री के पद से सेवानिवृत हुए जगदीश चंद्र जोशी समेत तीन सेवानिवृत कर्मचारियों को विदाई दी गई।

सेवाकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई विकास भवन स्थित जिला ग्राम्य विकास अभिकरण में कार्यरत जगदीश चंद्र जोशी ने वर्ष 1988 में यहां परियोजना अर्थशास्त्री के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। वह मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। वहीं विकास भवन में तैनात अन्वेषक तकनीकी विष्णु कुमार और डीआरडीए में कनिष्ठ लिपिक अनुरोध कुमार भी मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। संचालन संजय तोमर ने किया। सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीसी मनरेगा मृणाल सिंह, रामेश्वर दयाल, शैलेंद्र सक्सेना, राजीव प्रकाश, शीला सक्सेना, नवेंदु जैन, श्रीराम, विपिन सक्सेना, मीना शर्मा, केके सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## दो पक्षों में मारपीट, पुलिस ने एक पक्ष की रिपोर्ट लिखी

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर के मो. महताब ने बताया कि उसके चाचा लुतफ मदार नबी ने सोमवार को गांव विक्रमपुर में पीड़ित और उसकी मां इकलास बानो को रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज करने लगा। इसका विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट करना शुरु कर दी। मां इकलास वानो के विरोध करने पर आरोप ईट पत्थर से मारने लगे। जिसमें वह घायल हो गई। जबकि दूसरे पक्ष के लुतफ मदार नबी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 अप्रैल को वह अपनी पत्नी शकीला बेगम की दवाई लेने पीलीभीत जा रहा था। दोपहर में बाइक से घर वापस लौटते समय रास्ते में गांव विक्रमपुर का मोहम्मद महताब अपनी मां इकलास बानो के साथ रास्ते में मिला। उसने बाइक में टक्कर मार दी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। एक पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जबकि दूसरे की जांच कराई जा रही है।

# अलीगंज से रेस्क्यू किए तेंदुए को दस घंटे बाद पीटीआर में मिली आजादी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीसीसीएफ के निर्देश पर देर रात तेंदुए को डिप्टी डायरेक्टर की मौजूदगी में छोड़ा गया
- एक दिन पूर्व आबादी के बीच अलीगंज में करीब 55 मिनट चले रेस्क्यू के दौरान पकड़ा था तेंदुआ

**अमृत विचार:** आबादी के बीच से एक दिन पूर्व रेस्क्यू किए गए तेंदुए को 10 घंटे बाद आजादी मिल गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर डिप्टी डायरेक्टर की मौजूदगी में तेंदुए को देर रात पीलीभीत टाइगर रिजर्व की एक रेंज में छोड़ दिया गया।

बता दें कि तेंदुए को एक दिन पूर्व बरी अलीगंज गांव से रेस्क्यू किया गया था। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की जंगल सीमा के नजदीक रिहायशी इलाके में एक तेंदुआ सप्ताह भर से देखा जा रहा था। बीते सोमवार सुबह तेंदुआ महोफ रेंज से सटे बरी अलीगंज गांव में जा पहुंचा। ग्रामीणों द्वारा भगाने के प्रयास पर तेंदुआ गांव में ही एक ग्रामीण की पशुशाला में जा बैठा था। सूचना मिलते ही पीटी आर एवं सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं। गांव में तेंदुआ घुसने की खबर लगते ही आसपास गांवों के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थिति को देखते पुलिस फोर्स को भी मौके पर बुला लिया गया था।

पीटी आर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना करने के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) को अवगत कराते हुए तेंदुए को रेस्क्यू करने की अनुमति मांगी थी। तेंदुए को रेस्क्यू करने की अनुमति मिलने के बाद दोपहर को डिप्टी डायरेक्टर के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। करीब 55 मिनट तक चलते रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार ने तेंदुए को ट्रेंकुलाइज कर दिया। भारी भीड़ के बीच तेंदुए को रेस्क्यू कर पीटी आर मुख्यालय लाया गया। रेस्क्यू किए गए तेंदुए को कहां छोड़ा जाना है, इसका निर्णय उच्चाधिकारियों द्वारा लिया जाना था। डिप्टी डायरेक्टर ने तेंदुए के रेस्क्यू होने की जानकारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) को दी। देर शाम प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने तेंदुए को पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ने के निर्देश दिए।

> पीलीभीत रेंज के आबादी क्षेत्र से एक तेंदुए को रेस्क्यू किया गया था। स्वास्थ्य परीक्षण में तेंदुआ स्वस्थ पाया गया था। उच्चाधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद रेस्क्यू किए गए तेंदुए को पीटी आर में छोड़ दिया गया है। - **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटी आर

जिसके बाद डिप्टी डायरेक्टर के नेतृत्व में टीम ने देर रात तेंदुए को पीटी आर की एक रेंज में छोड़ दिया। टीम में डिप्टी डायरेक्टर के अलावा उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, हरीपुर रेंज अधिकारी वीरेंद्र सिंह रावत, सामाजिक वानिकी प्रभाग पीलीभीत रेंज के रेंज अधिकारी पीयूष मोहन श्रीवास्तव समेत वनकर्मी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### शादी समारोह में गया युवक लापता ,गुमशुदगी दर्ज

**पीलीभीत :** सुनगढ़ी क्षेत्र के नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के इस्लामनगर निवासी रफीक अहमद ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई 29 वर्षीय मोहम्मद यामीन 25 अप्रैल को किच्छा के पास गांव सैजना में एक शादी समारोह में शामिल होने की बात कहकर निकला था। जब काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। जानकारी करने पर पता चला कि वह शादी में पहुंचा ही नहीं है। इसके बाद उसकी फोन पर बातचीत भी हुई। जिसमे उसने दस मिनट में घर वापस आने की बात कही। इसके बाद से उक्त मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**बीसलपुर :** रंजिश के चलते पड़ोसी ने एक युवक से गाली गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। पीड़ित की ओर से इस मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसोली निवासी रघुवीर ने बताया कि वह सोमवार शाम वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। इसी बीच पड़ोसी वीरपाल पुत्र राममूर्ति ने आकर गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया। तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट करने लगा। आरोप है कि वीरपाल ने मारपीट करते हुए बांके से प्रहार कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर परिवार के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### 14 मई से शुरू होगा शतचंडी महायज्ञ

**पूरनपुर :** माधोटांडा रोड पर स्थित श्री दिव्य शक्तिपुंज मां महाकाली श्री पीतांबरा पीठ मंदिर परिसर में 14 मई से 12 वार्षिक महापर्व एवं शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ होगा। पहले दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन वेदी पूजन किया जाएगा। 16 मई को अरणी मंथन से यज्ञ कुंड में अग्नि प्रवेश की जाएगी। 20 मई को पूर्णाहुति भंडारे के साथ धार्मिक आयोजन का समापन किया जाएगा। इस दौरान सुबह सात बजे से 11 बजे तक यज्ञ होगा। इसके अलावा दोपहर दो और रात 8 बजे से भागवत कथा सुनाई जाएगी। महंत सूरज गिरी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों से मंदिर पर शतचंडी महायज्ञ का कराया जा रहा है। भागवत कथा का नैमिष धाम के रितेश शास्त्री के मुखार बिंदु से होगी। समापन पर महा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# जॉब कार्ड के बाद भी मजबूर 'मनरेगा मजदूर'

**मजदूर दिवस पर विशेष**

## 2.16 लाख जॉब कार्डधारकों में से 3566 मजदूरों को मिला 100 दिन का काम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जीवन यापन के लिए वरदान मानी जाने वाली मनरेगा भी मजदूरों को बाहर जाने से नहीं रोक पाई। स्थितियां और परिस्थितियां पूरी तरह प्रशासनिक शिथिलता का नमूना व्यक्त कर रही हैं। नतीजतन ग्रामीण व कृषि क्षेत्र के मजदूरों को काम उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा अपने लक्ष्य से भटक गई है। साल दर साल बढ़ते बजट के बावजूद मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। इससे मजदूरों को महानगरों को रूख करना पड़ रहा है।

जिले में मनरेगा के दो लाख 16 हजार 666 जॉब कार्ड धारक हैं, लेकिन बीते वित्तीय वर्ष में 3566 मजदूरों को ही 100 दिन का काम मिल सका। यह तब है जब पिछले वित्तीय वर्ष की अपेक्षा इस वित्तीय वर्ष में बजट बढ़ा दिया गया था। जिले के 15 ब्लाकों में निघासन सबसे पीछे हैं। हालांकि पसगवां ब्लाक की स्थित ठीक रही है। जॉब कार्ड धारकों को काम देने के लिए निर्धारित लक्ष्य में गोला 70 फीसदी, पलिया 80 फीसदी, धौरहरा 70 फीसदी, मितौली 80 फीसदी और बांकेगंज 60 फीसदी लक्ष्य को ही पा सका है। अधिकारियों की कोशिश के बाद कई ब्लाकों के अधिकांश मजदूरों को काम मिला, लेकिन फूलबेहड़, ईसानगर, मितौली, बेहजम, लखीमपुर, गोला सहित कई ब्लाकों के मजदूरों को काम की तलाश में महानगरों का रूख करना पड़ा है।


पसगवां ब्लाक क्षेत्र के गांव में सड़क किनारे नाले की खुदाई करते मनरेगा मजदूर (फाइल फोटो)

### नहीं मिल पा रहा 100 दिन काम



गांव साहूपुर के मिहीलाल का कहना है कि उसके पास जाब कार्ड है, लेकिन उसे काम नहीं मिल पा रहा है। जिससे वह दूसरी जगहों पर जाकर मजदूरी कर जीवन यापन करने को विवश है।

### जहां काम कम, वहां दिए गए नोटिस

जिन विकास खंडों में काम कम हुआ, उन विकास खंड अधिकारियों को नोटिस दिए गए हैं। इस वर्ष प्रत्येक जॉब कार्ड धारक को काम मिले, इसकी व्यवस्था की गई है।

**-संतोष कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त- श्रम एवं रोजगार।**

### कुछ काम करना पसंद नहीं करते तो कुछ को नहीं मिल रहा काम

पसगवां। ब्लाक क्षेत्र कीअधिकांश ग्राम पंचायतों में तथ्य यह बयां कर रहे हैं कि जिनके जॉब कार्ड बने हैं, उनमें बहुत से काम ही नहीं करते हैं और जो करते हैं उन्हें सौ दिन का काम मिलता है। प्रधानों का कहना है कि 100 दिन का काम पूरा कराए जाने की जिम्मेदारी तय होती है। सवाल यह कि जो काम नहीं करते हैं, उनका क्या होता है, वे कैंसिल क्यों नहीं किए जाते? ग्राम पंचायत सल्लिया के सुनील कुमार, सुशील कुमार, सरोज, राजेश आदि का जाब कार्ड है लेकिन काम नहीं करते हैं। इनको आवास मिला था, तभी काम किया था। उसके बाद छोड़ दिया। बरखेरिया जाट के प्रदीप, सुमेर, चन्द्रिका, दाताराम, रामविलास, शिवरतन, छोटेलाल, विक्रम, समीम, सहूरअली आदि की भी यही स्थिति है। बहुत सी ग्राम पंचायतों में जाब कार्ड यहां होने के बाद भी वे अन्य राज्यों और सुदूर अंचलों में काम करने चले जाते हैं, इसलिए यहां काम नहीं करते हैं। ग्राम पंचायत बालदेवता के ग्राम मोहदियापुर के धनीराम और रामसरन का कहना है कि उन्हें 100 दिन का काम मिला।

# स्टाफ के वेशभूषा में नहीं मिलने पर सीएमओ ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


सीएचसी बेहजम का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता।

- सीएचसी बेहजम के औचक निरीक्षण से मची खलबली

**अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे अचानक सीएचसी बेहजम पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्टाफ के निर्धारित वेशभूषा में न होने पर कड़ी नाराजगी जताई और उन्हें वेशभूषा में ही ड्यूटी पर रहने के निर्देश दिए।

सीएमओ ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी कक्ष व औषधि वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। इसके बाद एएनएम और सीएचओ की चल रही बैठक में शामिल हुए। उनके साथ एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे। सीएमओ डॉ सन्तोष गुप्ता ने बताया कि कुछ स्टाफ निर्धारित वेशभूषा में नहीं था। उन्हें वेशभूषा में रहने की हिदायत दी गयी है। इमरजेंसी में पहुंच कर जीवन रक्षक दवाओं उपलब्धता आदि के बारे में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल वर्मा से जानकारी ली। टीकाकरण को लेकर समय पर फीडिंग करने और अपने-अपने क्षेत्र में डिव्यू लिस्ट के अनुसार सम्पूर्ण टीकाकरण कराने को कहा। साथ ही क्षय रोगियों के चिन्हीकरण के साथ ही पहले से चिन्हित मरीजों को दी जा रही दवा का लगातार सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि क्षय रोगियों के लिए जिले में पर्याप्त दवाएं है। हीट वेव को लेकर स्कूली बच्चों के अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने बच्चों के साथ पीने के पानी की बोतल अवश्य रखें। जरूरी हो तभी दोपहर में घर से बाहर निकले। इस दौरान डॉ. सुनील कुमार, डॉ. संदीप राजवंशी, डॉ. अतीक अहमद, डॉ. अपूर्वा, डॉ. सोनिया, अजित सिंह, मनोज कुमार सरिता वर्मा, रीता वर्मा, इफतकार खान, संदीप मिश्रा, यशेन्द्र श्रीवास्तव आदि रहे।

# नगरीय स्वास्थ्य केंद्र गोटैयाबाग का हाल, कबाड़ लग रहा अस्पताल

## एएनएम कक्ष के सामने बीयर की खाली बोतलों के ढेर, मुख्य द्वार पर भी बिखरा सामान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मोहल्ला गोटैयाबाग की हरिजन बस्ती में नगरीय स्वास्थ्य केंद्र है, जिसमें गृहस्वामी का दखल स्टाफ के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है। आलम यह है कि एएनएम कमरे के सामने मकान मालिक द्वारा बीयर की दर्जनों खाली बोतलों का ढेर लगाया गया है, जबकि मुख्य दरवाजे के सामने घर का जर्जर कबाड़ लगा दिया है। इससे पूरा अस्पताल ही कबाड़ लगने लगा है। मकानमालिक के इस दखल को लेकर न तो तैनात स्टाफ संजीदा है और न ही विभागीय जिम्मेदार। हालांकि इससे यहां आने वाले मरीजों और तीमारदारों को काफी परेशानी होती है।

शहर में चार नगरीय स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं, जो सभी किराए के मकानों में हैं। तीन जगहों पर जहां सिर्फ अस्पताल चल रहा तो वहीं गोटैयाबाग की हरिजन बस्ती के नगरीय स्वास्थ्य केंद्र में टॉयलेट क्लीनर बनाने का काम किया जा रहा है। इसका निर्माण गृहस्वामी करवा रहे हैं। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम कमरे के सामने दर्जनों की संख्या में बीयर की खाली बोतलें इकट्ठा है। बताते हैं कि टॉयलेट क्लीनर बनाकर इनमें पैक किया जाता है। इसके लिए इनमें तमाम केमिकल मिलाए जाते हैं, जिनकी दुर्गंध से एएनएम का कमरों में बैठना तक मुश्किल है। स्टाफ का कहना है कि टॉयलेट क्लीनिक में मिलाए जाने वाले एक केमिकल में इतनी तीक्ष्ण गंध उठती है कि दो मिनट बैठना मुश्किल हो जाता है।


हरिजन बस्ती स्थित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम कक्ष के सामने बीयर की बोतलों का ढेर।


स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार के सामने गृहस्वामी का बिखरा सामान।

### निरीक्षण के दावे, फिर क्यों जिम्मेदार मूंदे हैं आंखें

विभागीय जिम्मेदार नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण करने का दावा करते हैं। मगर, गोटैयाबाग की हरिजन बस्ती में स्थित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र की हालत निरीक्षण के कागजी दावों की हकीकत बयां कर रही है। पिछले काफी दिनों से मुख्य गेट के सामने जहां कबाड इकट्ठा है तो वहीं एएनएम के कमरे के सामने बियर की बोतलों से लेकर अन्य सामग्री। इस तरह इकट्ठा कबाड़ आदि जिम्मेदारों के निरीक्षण की पोल खोल रहे हैं।

नगरीय स्वास्थ्य केंद्र किराए के भवन में संचालित हैं। निर्धारित भवन का हर माह विभाग किराया देता है। यदि परिसर में गृहस्वामी का दखल है तो वह गलत है। इस संबंध में स्टाफ ने जानकारी भी नहीं दी। मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर मामले की जानकारी कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**-डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी, नोडल अफसर नगरीय स्वास्थ्य केंद्र।**

# झोलाछाप के गलत इलाज से वृद्ध की मौत, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** झोला छाप डॉक्टर के गलत इलाज से एक वृद्ध की मौत हो गई। परिवार वालों ने पहले आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन बाद में पोस्टमार्टम और कार्रवाई कराने से इंकार कर दिया। इस पर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिवार वालों को सौंप दिया।

मझगई थाना क्षेत्र के गांव सुर्जी पुरवा निवासी कल्लू (60) पुत्र नंदलाल के पेट में फोड़ा निकल आया था। तीन अप्रैल को घर वालों ने बम्हनपुर के एक झोलाछाप डॉक्टर के यहां फोड़े का ऑपरेशन कराया। आरोप है कि डाक्टर ने घाव को खुला छोड़ दिया, जिससे पेट में इन्फेक्शन फैल गया। कल्लू की हालत खराब होने पर परिजन उसे राममूर्ति मेडिकल कॉलेज भोजीपुरा बरेली ले गए थे, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र बृजेंद्र की तहरीर पर मझगई पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ धारा 304 ए के तहत रिपोर्ट दर्ज कर डॉक्टर को हिरासत में ले लिया। इसके बाद कुछ लोग मामले को मैनेज करने में जुट गए। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी, लेकिन परिजनों ने अब शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। अब वे कोई कार्रवाई नहीं चाहते है। डॉक्टर को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

## 16 ग्राम नशीले पदार्थ सहित नेपाली युवक गिरफ्तार

**संवाददाता, संपूर्णानगर, अमृत विचार :** थाना सम्पूर्णानगर पुलिस ने एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 16 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर बरामद होने का दावा किया है। एसआई अमरपाल ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम रानीनगर कॉलोनी के मजरा मिलन बाजार से बसई मार्ग पर आर्यन सिंह राना पुत्र जयराम सिंह राना निवासी मनेहरा वार्ड 7, जिला धनगढ़ी, नेपाल राष्ट्र को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 16 ग्राम अल्प्राजोलम मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

## सार-संक्षेप

### डीएम-एसपी ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण


जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा मंगलवार को अचानक जिला जेल पहुंच गए। इससे जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। दोनों अफसरों ने निरीक्षण कर बंदियों की बैरकों की तलाशी कराई, लेकिन कोई आपत्ति जनक सामग्री नहीं मिली। डीएम-एसपी ने पुरुष बैरक, महिला बैरक, मेस, अस्पताल आदि बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। बंदियों से भी पूछताछ की और उनकी समस्याएं जानी। कारागार की साफ-सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जेल अधीक्षक पीडी सलौनिया को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।


बरामद मोबाइलों के साथ मौजूद मोबाइल धारक।

### सर्विलांस सेल ने बरामद किए खोए मोबाइल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सर्विलांस सेल ने लोगों के खोए 07 लाख 60 हजार रुपये के मोबाइल बरामद किए। जिन्हें मोबाइल धारकों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया गया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि अलग-अलग दिनों में लोगों ने शिकायती पत्र दिया था कि उनके मोबाइल खो गए हैं, जिन्हें बरामद करने के लिए क्राइम ब्रांच की सर्विलांस सेल की टीम को लगाया गया था। टीम ने कुल 55 लोगों के मोबाइल बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की कीमत करीब 07 लाख 60 हजार रुपये है। मोबाइल धारकों को बुलाकर उन्हें मोबाइल सौंप दिए गए हैं।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर जंगबहादुरगंज में पुलिस बैरियर के निकट अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक और उसका साथी घायल हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार की रात 08:30 बजे की है। हरदोई के थाना पिहानी के ग्राम हरिहरपुर निवासी गुड्डू गुप्ता (32) पुत्र रामपाल गुप्ता, सूरज सिंह (40) पुत्र मानिक सिंह बाइक से जंगबहादुरगंज जा रहे थे। पुलिस बैरियर के निकट अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पसगवां सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने दोनों को शाहजहांपुर जिला अस्पताल भेजा है।

### नशेड़ियों के जमघट से लोग परेशान

**भीरा, अमृत विचार :** नगर में हाईवे किनारे स्थित चाय और खाने-पीने के होटलों पर शाम होते ही नशेड़ियों का जमघट लग जाता है। इससे खासतौर पर महिलाओं को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर से निकला पलिया मार्ग प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग पर काफी भीड़भाड़ रहती है। मुख्य चौराहे के निकट अंग्रेजी, देसी व बियर की दुकानें हैं, जिनके आसपास होटलों और खान-पान की दुकानों पर शाम होते ही नशेड़ियों की भीड़ जुट जाती है। शराब पीने के बाद आपस में गाली गलौज करने लगते हैं। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत आने-जाने वाली महिलाओं को होती है। वहीं हादसे की भी आशंका बनी रहती है।

## पटाखे की चिंगारी से लगी आग, सात घर खाक



**संवाददाता, निघासन, अमृत विचार :** थाना निघासन क्षेत्र के गांव मदनापुर में सोमवार की देर शाम आतिशबाजी के दौरान आग लग गई, जिससे सात घर और उनमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग बुझाई। गांव मदनापुर निवासी ध्रुव गुप्ता के पुत्र का सोमवार को अन्नप्राशन था। उसके बाद शाम को गांव वालों की दावत थी। अन्नप्राशन की खुशी में आतिशबाजी की जा रही थी। इसी बीच पटाखे की चिंगारी पड़ोस के बुद्धा के छप्पर पर जा गिरी। हवा तेज चलने के कारण पल भर में ही आग भड़क उठी। छप्पर से धुआं उठते देख हड़कंप मच गया। तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और पड़ोस के राम विलास, श्यामू, भगवती, रघुराई पत्नी वेला, चुन्ना व दयाराम समेत सात लोगों के घर जलकर राख हो गए। घरों में रखा राशन, कपड़ा, चारपाई, बिस्तर समेत सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# दुष्कर्म की नहीं, छुपकर वीडियो बनाने की लगाई धारा

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- फूलबेहड़ पुलिस का कारनामा, नहाते समय दिव्यांग महिला की बनाई थी अश्लील वीडियो
- धमकाकर पांच महीने से कर रहा था दुष्कर्म

**अमृत विचार:** नहाते समय अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर दिव्यांग महिला से दुष्कर्म करने के मामले में थाना फूलबेहड़ पुलिस ने बड़ा खेल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वीडियो बनाने और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है। इससे महिला अपराधों को लेकर पुलिस एक बार फिर कटघरे में खड़ी हो गई है।

थाना फूलबेहड़ की एक दिव्यांग महिला सोमवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा से मिली थी। उसका कहना था कि वह अपने घर में खरफूस की टटिया से बनाए गए बाथरूम में 12 दिसंबर 2023 को स्नान कर रही थी। इसी बीच गांव के ही उत्तम ने चोरी से उसका नहाते हुए अश्लील वीडियो बना लिया। बाद में उसे वीडियो दिखाया। उसने जब वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने अगले दिन शाम करीब आठ बजे घर के बगल वाली गली में बुलाकर दुष्कर्म किया। कहीं शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। इसका फायदा उठाते हुए आरोपी तब से उसका लगातार शारीरिक शोषण करता चला आ रहा है। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर उसने 07 अप्रैल 24 को थाना फूलबेहड़ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। 14 अप्रैल को सीओ को प्रार्थना पत्र दिया। सीओ के आदेश पर पुलिस ने उसे रविवार को थाने पर बुलाया। जब वह अपने पति के साथ थाने गई तो पुलिस उस पर तहरीर बदलने का दबाव बनाने लगी। उसने तहरीर बदलने से मना कर दिया और विरोध किया तो पुलिस वालों ने उसे और उसके पति को मारा-पीटा। उसके जबरन सादे कागज पर दस्तखत करवा लिए और धक्का देकर भगा दिया था। मामला तूल पकड़ने पर थाना फूलबेहड़ पुलिस ने आरोपी उत्तम के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज की, लेकिन खेल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 ग और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर इतिश्री कर ली।

### पीड़िता बोली, पुलिस ने तहरीर बदलकर लिखी रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी।** दुष्कर्म पीड़ित महिला दर्ज की गई रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं है। महिला ने बताया कि पुलिस को उसने जो तहरीर दी थी। उस पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पुलिस ने धमकाकर जबरन उसके सादे कागज पर दस्तखत कराए थे। उसे आशंका है कि उसी कागज पर मनमानी तहरीर लिखकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। वह इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और महिला आयोग से भी करेगी।

पीड़िता ने जो तहरीर दी थी, उसी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना की जा रही है। पीड़िता के बयानों के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई जाएगी। **-आलोक धीमान प्रभारी निरीक्षक, फूलबेहड़**

**मेला पुलिस की अनदेखी**

## रूट डायवर्जन प्लान की भी हो रही अनदेखी, भीड़ के बाद भी धड़ल्ले से मेले में जाते हैं दुपहिया

# ई-रिक्शा और बेतरतीब खड़ी बाइकों से यातायात व्यवस्था चौपट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** चैती मेला में लोगों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए रूट डायवर्जन प्लान बनाया गया था। साथ ही मेले में बाइक आदि न जा सके, इसकी भी व्यवस्था की गई थी, लेकिन मेला पुलिस की अनदेखी से यह व्यवस्था चौपट हो गई और मेले में जा रहे दोपहिया वाहनों के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। यही नहीं मेले में जहां आड़ी तिरछी बाइकें खड़ी रहती हैं, वहीं मेला रूट पर ई-रिक्शा से जाम लगा रहता है।

चैती मेला रूट प्लान बनाकर तय हुआ था कि 15 दिनों तक डायवर्जन किया जाएगा। इसके तहत खुटार की दिशा से आने वाले वाहनों को विकास चौराहा होते हुए चीनी मिल ट्रक यार्ड में पार्किंग कराई जानी थी। मोहम्मदी और लखीमपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को पुराने मिल बाईपास, विकास चौराहा होते हुए चीनी मिल ट्रक यार्ड में पार्क कराए जाने थे। अलीगंज की तरफ से आने वाले वाहनों को कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में पार्क कराए जाने थे। शाम के समय रोडवेज की बसें सदर चौराहे से होकर नहीं निकलनी थीं। यह सब तय होने के बाद भी किसी भी नियमों पर अमल नहीं कराया जा रहा है। रोक के बावजूद भी भारी वाहन नगर में धड़ल्ले से आते जाते देखे जा सकते हैं। मंगलवार को एक ओवर लोड ट्रक अशोक चौराहा पहुंच गया और सजावट वाली झालर खींच ले गया। गनीमत रही कि कोई दुर्घटना नहीं हुई।

**अस्थाई पुलिस चौकी, फिर भी मेले में बाइक व साइकिल सवार :** मेला में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अस्थाई मेला चौकी की स्थापना की गई है।

इसके बाद भी बाइक और साइकिल सवार मेले में विचरण करते रहते हैं। जो दुकानों और झूलों के सामने बाइक, साइकिल खड़ी करने से जाम का सबब बन रहे हैं। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी उन्हें टोकते तक नहीं हैं।



मेला चैती के मुख्य गेट पर खड़े ई-रिक्शा, आने-जाने वालों को होती रही दिक्कत।


मेला चैती के मुख्य गेट पर खड़े ई-रिक्शा, आने-जाने वालों को होती रही दिक्कत।

### लोग बोले, यातायात व्यवस्था पर किसी का ध्यान नहीं

नगर निवासी रमेश कुमार, दिनेश कुमार, नवीन गुप्ता, स्वामी दयाल आदि का कहना है कि मेले के समय भी यातायात व्यवस्था पर किसी का ध्यान नहीं है। हर रोज नगर में जाम की स्थिति बनी रहती है। जो लोग चैती मेला देखने आते हैं वह अपना वाहन कहीं भी किसी भी जगह खड़ा कर देते है, जिससे जाम लग जाती है। शाम के समय अलीगंज रोड और मिल रोड पर निकलना मुश्किल हो जाता है।

### इस वजह से रहती है वाहनों की आवाजाही

अलीगंज रोड पर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कृषि उत्पादन मंडी समिति कार्यालय हैं, जिस कारण वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। यात्रियों का कहना है कि वाहन गलत ढंग से खड़े कर दिए जाने से बहुत दिक्कत हो रही है। रविवार की रात सिनेमा चौराहे से सदर चौराहे तक पहुंचने में काफी समय लग गया। लोग परेशान होते रहे। पुलिस का जवान दूर दूर तक नजर नहीं आया।

यातायात पुलिस की ड्यूटी शाम आठ बजे तक रहती है, उसके बाद थाना पुलिस की जिम्मेदारी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की है। यातायात पुलिस के मात्र दो कर्मचारियों की तैनाती होने से एक आरक्षी को अशोक चौराहा, दूसरे को सीओ आफिस वाली गली में लगाया गया है। ट्रेन आने के समय इन्हीं मे से एक आरक्षी को रेलवे क्रासिंग पर भेजना पड़ता है। **- योगेंद्र यादव, यातायात निरीक्षक गोला गोकर्णनाथ।**

